University in News on 12 December 2024

AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

युवा संसद में गूंजा जन, जल और जंगल

लविवि के समाज कार्य विभाग में पर्यावरण पर हुआ आयोजन

माई सिटी रिपोर्टर

लविवि में आयोजित युवा संसद के दौरान मौजूद वक्ता। स्रोत : लविवि

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग की ओर से आयोजित युवा संसद में बृहस्पतिवार को जन, जल, जंगल, जानवर और जमीन का मुद्दा छाया रहा। राष्ट्रीय पर्यावरण युवा सांसद (एनईवाईपी-2025) में प्रतिभाग करने के लिए क्षेत्रीय स्तर पर हुई इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के 200 प्रतिभागियों ने प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन विषय पर विचार व्यक्त किए।

प्रतिभागियों ने सतत विकास, भारत में हाल की आपदाओं (वायनाड, केरल सहित), अपशिष्ट प्रबंधन और पर्यावरण के अनुकूल प्रथाओं के मुद्दों पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने धरती के संरक्षण की वकालत की और भविष्य की पीढ़ियों के लिए पर्यावरण की सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया। जोनल स्तर की यह प्रतियोगिता डॉ. हेमेंद्र कुमार सिंह, रमाकांत और प्रो. दिनेश कुमार के निर्देशन में हुई।

प्रतियोगिता में लखनऊ विश्वविद्यालय, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विवि, बुंदेलखंड विवि झांसी, छत्रपति शाहूजी महाराज विवि कानपुर, भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा, चौधरी चरण सिंह विवि मेरठ, दयालबाग एजुकेशनल इंस्टीट्यूट आगरा, रज्जू भैया राजेंद्र सिंह विवि इलाहाबाद, इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रयागराज, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी, एमिटी यूनिवर्सिटी लखनऊ, ज्योतिबा फूले रूहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली, हीगिम्बटॉम यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, टेक्नोलॉजी एंड साइंस प्रयागराज, काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी, स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

लखनऊ विश्वविद्यालय को मिली आधुनिक कक्षाओं और कर्मचारी आवासों की सौगात

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के नवीन परिसर में आधुनिक कक्षाओं और कर्मचारी आवासों का बृहस्पतिवार को लोकार्पण किया गया। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने फीता काटकर छात्रों और कर्मचारियों को यह सौगात दी। इसके साथ ही इंजीनियरिंग संकाय में दो लिफ्टों का भी उद्घाटन किया गया। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि लोकार्पण में अलकनंदा अपार्टमेंट और कावेरी अपार्टमेंट शामिल हैं। इसमें 28 कर्मचारी परिवार आसानी से रह सकेंगे। इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज में नवीनीकृत चार आधुनिक क्लास रूम भी शामिल हैं। इसमें एक साथ 316 विद्यार्थी पढ़ाई कर सकेंगे। उद्घाटन कार्यक्रम में प्रति कुलपति प्रो. मनुका खन्ना, प्रो. आरके सिंह, प्रो. वीके शर्मा, डीन प्रो. बीडी सिंह आदि शिक्षक उपस्थित रहे। (संवाद)

लविवि : 251 केंद्रों पर होंगी विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं

सभी संबद्ध जिलों में 21 नोडल सेंटर भी बनाए गए

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं को लेकर प्रस्तावित परीक्षा केंद्रों की सूची जारी कर दी है। इसके लिए संबद्ध जिलों लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर और रायबरेली के 251 कॉलेजों को प्रस्तावित परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इसके साथ ही 21 संस्थानों को नोडल सेंटर भी बनाया गया है।

परीक्षा विभाग ने केंद्रों की सूची विवि की वेबसाइट पर अपलोड कर 12 दिसंबर तक आपत्तियां मांगी थीं। इस संबंध में शुक्रवार को डीन सीडीसी की मौजूदगी में बैठक का आयोजन किया जाएगा। जो प्रस्तावित परीक्षा केंद्रों के संदर्भ आई आपत्तियों पर निर्णय लेगी और परीक्षा केंद्रों की अनंतिम सूची पर विचार करेगी।

अनंतिम सूची के लिए बैठक आज

परीक्षा केंद्रों की प्रस्तावित सूची में हरदोई जिले में 57 परीक्षा केंद्र और पांच नोडल सेंटर बनाए गए हैं। लखीमपुर में 40 परीक्षा केंद्र व पांच नोडल सेंटर, रायबरेली में 50 परीक्षा केंद्र और 6 नोडल सेंटर, सीतापुर में 51 परीक्षा केंद्र व पांच नोडल केंद्र के साथ ही लखनऊ में 53 परीक्षा केंद्र और एक सेंटर बनाया गया है।

- **एलएलएम का संशोधित कार्यक्रम जारी :** लखनऊ विवि परीक्षा विभाग की ओर से बृहस्पतिवार को एलएलएम का संशोधित परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया। इसमें पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं 17 दिसंबर से 16 जनवरी के बीच कराई जाएंगी जो दूसरी पाली में होंगी। वहीं तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 24 दिसंबर से 11 जनवरी के बीच कराए जाने का निर्णय लिया गया है।
- **दो कोर्स के प्रवेश पत्र जारी :** परीक्षा विभाग ने बीयूएमएस और बीएएमएस परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिए। छात्र-छात्राएं विवि की वेबसाइट lkouniv.ac.in से इन्हें डाउनलोड कर सकते हैं। किसी तरह की समस्या आने पर परीक्षा विभाग में संपर्क कर सकते हैं।

एक पायदान पर खड़े हों महिला व पुरुष

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन संस्थान की समन्वयक डॉ. मानिनी श्रीवास्तव ने कहा कि विकास के लिए महिला और पुरुष का एक पायदान पर खड़े होना जरूरी है। तभी यह समाज आगे बढ़ेगा। वे समाज कार्य विभाग में विश्व युवक केंद्र नई दिल्ली की ओर से उद्यमिता एवं तकनीकी शिक्षा केंद्र (क्रिएट) के सहयोग से आयोजित संगोष्ठी में बोल रहीं थीं। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी रुचिता चौधरी ने नौकरी के दौरान हुए अपने अनुभवों को साझा किया। अधिवक्ता बुलबुल गोदियाल ने कानूनी पेशे में महिलाओं के उत्पीड़न की घटनाओं के बारे में बताया। समाजकार्य के विभागाध्यक्ष प्रो. राकेश द्विवेदी ने सभी को धन्यवाद दिया। (माई सिटी रिपोर्टर)

छात्रवृत्ति के लिए आज ही दर्ज कराएं बायोमीट्रिक

माई सिटी रिपोर्टर

लविवि : बिना बायोमीट्रिक के नहीं मिलेगी छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति

लखनऊ। लविवि में पढ़ने वाले जिन विद्यार्थियों ने छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए अभी तक बायोमीट्रिक दर्ज नहीं की है, उनके पास इसका मौका है। विवि में 14 दिसंबर तक बायोमीट्रिक दर्ज की जाएगी। प्रदेश सरकार के फैसले के अनुसार, बायोमीट्रिक दर्ज करने वाले विद्यार्थी ही छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति के पात्र होंगे।

लविवि प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि सामान्य वर्ग के अभ्यर्थी 14 दिसंबर तक व एससी-एसटी विद्यार्थी शुक्रवार तक आवेदन जमा करने के बाद बायोमीट्रिक दर्ज करा सकते हैं। सरकार ने इस साल से छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति के नियम सख्त कर दिए हैं। पूर्व में ऐसी शिकायतें मिल चुकी हैं, जिनमें विद्यार्थी सिर्फ छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए ही दाखिला ले लेते थे।

इसी वजह से अब बायोमीट्रिक का नियम बनाया गया है। छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति पाने के लिए विद्यार्थियों को 75 फीसदी उपस्थिति दर्ज करानी होगी।

कर्मयोगी, छात्र कल्याण और शोध मेधा के लाभार्थी विद्यार्थियों का किया चयन

लखनऊ। लविवि ने कर्मयोगी, छात्र कल्याण और शोध मेधा के लाभार्थी विद्यार्थियों का चयन कर लिया है। इसकी सूची विवि की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। विद्यार्थी वेबसाइट पर जाकर अपना नाम जांच सकते हैं। लविवि प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि कर्मयोगी के लिए इस बार 32, छात्र कल्याण योजना में 50 और शोध मेधा में 18 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। कर्मयोगी योजना के तहत स्टूडेंट्स को अपनी कक्षाएं पढ़ने के बाद अधिकतम 50 घंटे किसी विभाग में काम करना होता है। शोध मेधा छात्रवृत्ति नेट उत्तीर्ण विद्यार्थियों और पीएचडी करने वाले शोधार्थियों को भी यह छात्रवृत्ति दी जाती है। छात्र कल्याण योजना के तहत आर्थिक रूप से वंचित विद्यार्थियों को सहायता दी जाती है। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. संगीता साहू की अध्यक्षता वाली समिति ने सूची पर अपनी मुहर लगाई है। (माई सिटी रिपोर्टर)

HINDUSTAN PAGE 7

योग नृत्य से बढ़ती महिलाओं की शारीरिक क्षमता

मिशन शक्ति

एलयू में गुरुवार को योग नृत्य से होने वाले स्वास्थ्य फायदे बताए गए।

लखनऊ, संवाददाता। एलयू के योग संकाय में मिशन शक्ति पंचम चरण के तहत योग एवं स्वास्थ्य पर सेमिनार तथा योग संस्कृति विषयक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें महिला स्वास्थ्य उन्नति के लिए ग्रीवा संचालन, कटि शक्ति विकास क्रिया, अर्ध चक्रासन, तितली आसन, हस्त उत्तान आसन और उद्गीथ प्राणायाम व नाडी शोधन प्राणायाम का प्रदर्शन श्रेया कौशिक, अंकिता, रुचि धवन, मनीषा दत्ता ने किया।

योग एवं स्वास्थ्य विषय पर बोलते हुए अधिष्ठाता प्रोफेसर अशोक कुमार सोनकर ने कहा कि जीवन में सबको स्वस्थ रहना जरूरी है। स्वस्थ व्यक्ति ही जीवन के अच्छे कार्यों को कर सकता है। समन्वयक डॉ. अमरजीत यादव ने बताया कि छात्रा अर्चना, सविता रंजन, प्रियांशी और प्रगति ने योग नृत्य की सुंदर प्रस्तुति करके कार्यक्रम को सुंदर बना दिया। योग नृत्य करने से महिलाओं की शारीरिक क्षमता बढ़ती है। मंत्र व ध्वनियों के उच्चारण से मानसिक संकाय विकसित होता है।

प्रतियोगिता से व्यक्तित्व विकास होता है: दुर्गेश

लखनऊ। किसी भी प्रतियोगिता को मात्र स्थान प्राप्त करने या प्रतिभाग करने तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि इसे अपने कौशल को निखारने और व्यक्तित्व विकास के रूप में देखना चाहिए। यह बातें भूगोल विभागाध्यक्ष प्रो. दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव ने कही। वह भूगोल विभाग में मिशन शक्ति पंचम चरण के तहत पोस्टर प्रतियोगिता के प्रमाण पत्र वितरण करते समय कहीं। प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रतियोगिता में स्नातक स्तर के 22 और परास्नातक स्तर के 27 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

छात्रों ने जन, जल, जंगल पर रखे विचार

युवा संसद

16 विश्वविद्यालयों के छात्र और छात्राएं आयोजन में शामिल **200** से अधिक युवाओं ने दिखाया प्रतिभा का दम

- लखनऊ विवि में प्राकृतिक संसाधन विषय पर विस्तार से की चर्चा
- राष्ट्रीय पर्यावरण युवा संसद क्षेत्रीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

लखनऊ, संवाददाता। एलयू के शिक्षा संकाय, समाज कार्य विभाग में राष्ट्रीय पर्यावरण युवा संसद-2025 क्षेत्रीय स्तर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जन, जल, जंगल, जानवर और जमीन पर छात्रों ने विचार रखे। विशिष्ट अतिथि कुलानुशासक प्रो. राकेश द्विवेदी रहे।

जोनल कोआर्डिनेटर डॉ. हेमेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि 16 विश्वविद्यालयों के 200 प्रतिभागियों ने प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन विषय पर अपने-अपने विचार रखे। निर्णायक मंडल में 16 सदस्य और 16 उनके सहयोगी सदस्य की ओर से सर्वश्रेष्ठ विजेता प्रतिभागी का चयन किया जाना है। शोधार्थी अभिषेक श्रीवास्तव बाबू, प्रज्ञा सिंह, प्रियंका जोशी, दीपक गुप्ता, अंजली द्विवेदी, श्रेया कटियार, अनुक्ता कृति, नैनशी यादव, जान्हवी जायसवाल, शिल्पा सिंह, अजीत शुक्ला, आशुतोष, आकाश पटेल, सना आफताब, श्वेता तमाम छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

यह विवि शामिल: इस जोनल लेवल प्रतियोगिता में लखनऊ विश्वविद्यालय, बीबीएयू, बुंदेलखंड विवि झांसी, सीएसजेएमयू कानपुर, बीएयू आगरा, सीसीएस मेरठ, दयालबाग एजुकेशनल इंस्टीट्यूट आगरा, रज्जू भैया विवि, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, डीडीयू गोरखपुर, एकेटीयू, एमिटी विवि, रुहेलखंड विवि बरेली, हीगिम्बटॉम यूनिवर्सिटी आफ एग्रीकल्चर, टेक्नोलॉजी एंड साइंस प्रयागराज, बीएचयू, सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ के प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

एलयू में कर्मचारियों को नए फ्लैट की सौगात

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने द्वितीय परिसर के कर्मचारियों को कर्मचारी आवास के रूप में सौगात दी है। कुलपति ने गुरुवार को अलकनंदा और कावेरी अपार्टमेंट का लोकार्पण किया जिसमें 16 और 12 फ्लैट की सुविधा है। इनमें 28 कर्मचारी परिवार के रहने की व्यवस्था हो गई है। अभियांत्रिकी संकाय भवन में दो लिफ्ट का भी उद्घाटन किया।

एलयू में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कर्मचारी आवासों का लोकार्पण किया।

JAGRAN CITY PAGE III

लवि : छात्राओं ने दी योग नृत्य की प्रस्तुति



योग नृत्य प्रस्तुत करतीं (बाएं से दाएं) सविता, प्रियांशी, अर्चना, प्रगति● लवि

जासं, लखनऊ : लवि के फैकल्टी आफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के योग विभाग ने मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत योग एवं स्वास्थ्य विषय पर योग संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रा अर्चना, सविता, प्रियांशी व प्रगति ने योग नृत्य की प्रस्तुति दी।

संकाय के कोआर्डिनेटर डा. अमरजीत यादव ने बताया कि योग नृत्य करने से महिलाओं की शारीरिक क्षमता बढ़ती है। मंत्र एवं विभिन्न ध्वनियों के उच्चारण से महिलाओं का मानसिक संकाय विकसित होता है। योग एवं स्वास्थ्य विषय पर अधिष्ठाता प्रो. अशोक कुमार सोनकर ने कहा कि जीवन में सबको स्वस्थ रहना जरूरी है। स्वस्थ व्यक्ति ही जीवन के अच्छे कार्यों को कर सकता है। विषय विशेषज्ञ प्रियंका राय ने बताया कि स्त्रियों के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के लिए योगाभ्यास उपयोगी है। डा. इशिता अरोरा और योग प्रशिक्षक डा. उमेश कुमार शुक्ला ने भी अपने विचार रखे।

'महिलाओं के प्रति पुरुषों में संवेदनशीलता हो'

जासं ● लखनऊ : लवि के समाज कार्य विभाग में विश्व युवक केंद्र नई दिल्ली और उद्यमिता एवं तकनीकी शिक्षा केंद्र (क्रिएट) के सहयोग से संगोष्ठी का आयोजन किया गया। 'युवाओं को महिला सुरक्षा और बचाव के प्रति संवेदनशील बनाना' विषय पर हुई संगोष्ठी में मुख्य वक्ता सेवानिवृत्त आइपीएस रुचिता चौधरी, वरिष्ठ अधिवक्ता बुलबुल गोदियाल उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथि रुचिता चौधरी ने महिलाओं को मजबूत बनाने में उनके रास्ते में आने वाली सभी बाधाओं को साझा किया। साथ ही युवा साथियों को महान व्यक्तित्वों द्वारा बनाई गई विरासत को जीने के लिए प्रोत्साहित किया। वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि महिलाओं के साथ होने वाले अत्याचारों पर अंकुश लगाने के लिए पुरुषों में संवेदनशीलता होनी चाहिए। विभागाध्यक्ष प्रो. राकेश द्विवेदी, डा. मानिनी श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे।

TOI PAGE 2

LU non-teaching employees get on-campus accommodation

Times News Network

Lucknow: The happiness of non-teaching employees of Lucknow University knew no bounds as like the teaching staff, they too have got a residence on the university campus.

Lucknow University vice-chancellor Prof Alok Kumar Rai inaugurated Alaknanda Apartment with 16 flats and Kaveri Apartment with 12 flats built exclusively for non-teaching employees.

"We are happy to provide shelter to families of 28 employees. Another development was installation of two new lifts in engineering faculty building and of furniture in four new classrooms in the Institute of Management Sciences, where 316 students can study simultaneously," said Durgesh Srivastava, LU spokesperson.



(Top) The apartment will be home to families of 28 employees (above) LU VC Prof Alok Kumar Rai inaugurates four furnished classrooms in the Institute of Management Science on Thursday

i-NEXT PAGE 6

कर्मचारियों को नए आवास की मिलेगी सुविधा

अलकनंदा और कावेरी अपार्टमेंट में कर्मचारी आवासों का लोकार्पण

LUCKNOW (12 DEC): लखनऊ विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को नए आवास की सुविधा जल्द मिलेगी. वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने गुरुवार को सेकंड कैंपस में अलकनंदा और कावेरी अपार्टमेंट में कर्मचारी आवासों का लोकार्पण किया.

28 परिवारों को आवास

अलकनंदा अपार्टमेंट में 16 फ्लैट और कावेरी अपार्टमेंट में 12 फ्लैट मिलाकर 28 कर्मचारियों के परिवारों के लिए रहने की व्यवस्था हो जाएगी. इसके अलावा अभियांत्रिकी संकाय के भवन में दो लिफ्ट का भी लोकार्पण किया गया. इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट साइंसेज में नवीनीकृत चार क्लास रूम में फर्नीचर की अवस्थापना की गई, जिसमें 316 छात्र एक साथ पठन-पाठन कर सकते हैं.

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रोफेसर मनुका खन्ना, सेकंड कैंपस के निदेशक प्रोफेसर आरके सिंह, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. वीके शर्मा, विधि संकाय के डीन प्रो. बीडी सिंह, अभियांत्रिकी संकाय के डीन प्रो. एके सिंह, आईएमएस की ओएसडी प्रो. विनीता काचर आदि मौजूद रहे.

PIONEER PAGE 4

प्रतियोगिता कौशल निखारने का अवसर: प्रो. दुर्गेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रतियोगिता को मात्र स्थान प्राप्त करने या प्रतिभाग करने तक सीमित नहीं रखना चाहिए बल्कि इसे अपने कौशल को निखारने एवं व्यक्तित्व विकास के अवसर के रूप में देखना चाहिए। यह बात गुरुवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के प्रो. दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव ने विभाग में आयोजित मिशन शक्ति फेस 5 में हेल्थ एंड मेंटल हेल्थ अवेयरनेस इन विमेंस विषय पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता के प्रमाण पत्र वितरण के अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए कही। भूगोल विभाग में मिशन शक्ति पेज 5 के तहत हेल्थ एंड मेंटल हेल्थ अवेयरनेस इन वूमेन विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्नातक स्तर के 22 एवं परास्नातक स्तर के 27 प्रतिभागियों (भूगोल विभाग के 15, गृह विज्ञान विभाग के 9,एम. बीए. के 2 एवं मनोविज्ञान विभाग की 1 विद्यार्थी) ने प्रतिभाग किया। मुख्य निर्णायक के रूप में पधारे डॉ. रविकांत पांडे , फाइन आर्ट, डॉ. मानिनी श्रीवास्तव नोडल कोऑर्डिनेटर, मिशन शक्ति ने पोस्टरों का अवलोकन कर अपना निर्णय दिया। जिसमें परास्नातक संवर्ग में खुशी वर्मा (मनोविज्ञान) ने प्रथम, रजत कुमार (भूगोल) ने द्वितीय, महिमा सिंह (भूगोल) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा स्नातक संवर्ग में दीपाली यादव ने प्रथम, अनामिका शुक्ला ने द्वितीय तथा प्रतीक्षा त्रिवेदी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया।

कुलपति ने किया दो अपार्टमेंट का लोकार्पण

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने गुरुवार को विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में अलकनंदा अपार्टमेंट, कर्मचारी आवास, 16 फ्लैट, कावेरी अपार्टमेंट, कर्मचारी आवास, 12 फ्लैट का लोकार्पण किया। इन आवासों से 28 कर्मचारी परिवार को रहने की व्यवस्था हो जाएगी। इसके साथ ही अभियांत्रिकी संकाय भवन में 2 लिफ्ट, इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज में नवीनीकृत 4 क्लास रूम में फर्नीचर की अवस्थापना का भी लोकार्पण किया। इस अवसर पर प्रति कुलपति प्रोफेसर मनुका खन्ना, निदेशक द्वितीय परिसर प्रो आर के सिंह, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो वी के शर्मा, डीन विधि संकाय प्रो बी डी सिंह, डीन अभियांत्रिकी प्रो एके सिंह, ओ एस डी आई एम एस प्रो विनीता कॉचर और कई शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

LOKSATYA PAGE 2, 3

युवाओं को बताया लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के व्यक्तित्व व कृतित्व

एलयू मध्यकालीन और आधुनिक इतिहास विभाग की ओर से हुआ आयोजन

कार्यक्रम

- मिशन शक्ति फेज-5 ने मिशन शक्ति कार्यक्रम के उद्देश्य बताए गए

लखनऊ, लोकसत्य। मिशन शक्ति फेज-5 के तहत, लखनऊ विश्वविद्यालय के मध्यकालीन और आधुनिक इतिहास विभाग की ओर से 11 दिसंबर को एक कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में प्राचीन भारतीय इतिहास और पुरातत्व विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष, प्रो एसएन कपूर ने 'लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर का संस्कृति के प्रति असीम अनुरागः त्रिशब्दि वर्ष पर विशेष स्मरण' विषयक शेष व्याख्यान दिया। व्याख्यान के माध्यम से लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के व्यक्तित्व से जुड़े विभिन्न पहलुओं को उजागर किया गया। कार्यक्रम में डॉ. मानिनी श्रीवास्तव, नोडल अधिकारी, मिशन शक्ति फेज़-5 ने मिशन शक्ति कार्यक्रम के उद्देश्यों को विस्तार से समझाया। इस अवसर पर लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर पर एक डॉक्यूमेंट्री भी प्रदर्शित की गई, जिसे स्नातकोत्तर छात्रों द्वारा तैयार किया गया था। कार्यक्रम में प्रो रश्मि रेखा, प्रो शमा महमूद, डॉ. मनीषा और बड़ी संख्या में छात्र और शोधार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन मध्यकालीन और आधुनिक इतिहास विभाग के अध्यक्ष प्रो एसए रिज़वी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. दीप्ति जायसवाल, समन्वयक, मिशन शक्ति फेज़-5, मध्यकालीन और आधुनिक इतिहास विभाग की ओर से किया गया।

योग नृत्य के दौरान शरीर में रक्त संचार तीव्र होता है

कार्यक्रम

- लखनऊ विश्वविद्यालय योग विभाग, फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन का कार्यक्रम

लखनऊ, लोकसत्य। लखनऊ विश्वविद्यालय योग विभाग, फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन की ओर से मिशन शक्ति फेज- 5 के अंतर्गत योग सभागार में योग एवं स्वास्थ्य पर सेमिनार व योग संस्कृति विषयक कार्यक्रम हुआ। संकाय के को-आर्डिनेटर डॉ अमरजीत यादव ने बताया कि योग संस्कृति कार्यक्रम के अंतर्गत योग विभाग की छात्राओं अर्चना, सविता रंजन, प्रियांशी तथा प्रगति ने योग नृत्य की सुंदर प्रस्तुति करके कार्यक्रम को सुंदर बना दिया। योग नृत्य करने से महिलाओं की शारीरिक क्षमता बढ़ती है। मंत्र एवं विभिन्न ध्वनियों के उच्चारण से महिलाओं का मानसिक संकाय विकसित होता है। योग नृत्य के दौरान शरीर में रक्त संचार तीव्र होता है, जिससे मन शुद्धि एवं रक्त शुद्धि होती है। योग एवं स्वास्थ्य विषय पर बोलते हुए अधिष्ठाता प्रोफेसर अशोक कुमार सोनकर ने कहा कि जीवन में सबको स्वस्थ रहना जरूरी है स्वस्थ व्यक्ति ही जीवन के अच्छे कार्यों को कर सकता है। प्रियंका राय ने बताया कि स्त्रियां परिवार की धुरी हैं, इन्हीं के ऊपर पूरा परिवार निर्भर रहता है। इनके मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के लिए योगाभ्यास उपयोगी है। डॉ इशिता अरोरा ने बताया कि नारियों के गौरव का प्राचीन इतिहास है नारियों ने हर क्षेत्र में सफलता के मानक स्थापित किए हैं। डॉ उमेश कुमार शुक्ला ने कहा कि भारत में नारी सदैव पूज्यनीय रही है। इस अवसर पर महिला स्वास्थ्य उन्नति हेतु ग्रीवा संचालन, कटि शक्ति विकास क्रिया, अर्ध चक्रासन, तितली आसन, हस्त उत्तान आसन तथा उद्गीथ प्राणायाम एवं नाडी शोधन प्राणायाम का प्रदर्शन श्रेया कौशिक, अंकिता, रुचि धवन, मनीषा दत्ता ने किया। विभाग के डॉ रामनरेश, डॉ रामकिशोर एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

AMRIT VICHAR PAGE 4

योग नृत्य से व्यक्तित्व ही नहीं, सोच भी बदलेगी

मिशन शक्ति फेज- 5 के अंतर्गत योग सभागार में आयोजित हुआ कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

योगनृत्य प्रस्तुत करती छात्राएं। अमृत विचार

अमृत विचार: योग न केवल आधुनिक रोगों से लड़ने में कारगर है, बल्कि मानसिक समस्याओं से भी छुटकारा दिलाता है। ये बात लखनऊ विश्वविद्यालय के योग और अल्टरनेटिव मेडिसिन संकाय में महिलाओं के लिए योग कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने दी।

मिशन शक्ति फेज- 5 के अंतर्गत योग सभागार में कार्यक्रम हुआ। को-आर्डिनेटर डॉ. अमरजीत यादव ने बताया कि छात्रा अर्चना, सविता रंजन, प्रियांशी तथा प्रगति ने योग नृत्य की प्रस्तुति दी। उन्होंने कहा कि योग नृत्य करने से महिलाओं की शारीरिक क्षमता बढ़ती है तथा मंत्र व विभिन्न ध्वनियों के उच्चारण से महिलाओं का मानसिक विकसित होता है। योग नृत्य के दौरान शरीर में रक्त संचार तीव्र होता है जिससे मन एवं रक्त की शुद्धि होती है।

अधिष्ठाता प्रो अशोक कुमार सोनकर ने कहा कि जीवन में सबको स्वस्थ रहना जरूरी है स्वस्थ व्यक्ति ही जीवन के अच्छे कार्यों को कर सकता है। प्रियंका राय ने बताया कि मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य के लिए योगाभ्यास उपयोगी है। डॉक्टर इशिता अरोरा ने बताया कि नारियों के गौरव का प्राचीन इतिहास है नारियों ने हर क्षेत्र में सफलता के मानक स्थापित किए हैं। डॉ. उमेश कुमार शुक्ला ने कहा कि भारत में नारी सदैव पूज्यनीय रही है। श्रेया कौशिक, अंकिता, रुचि धवन, मनीषा दत्ता ने ग्रीवा संचालन, कटि शक्ति विकास क्रिया, अर्ध चक्रासन, तितली आसन, हस्त उत्तान आसन तथा उद्गीथ प्राणायाम व नाडी शोधन प्राणायाम का प्रदर्शन किया।

पोस्टर प्रतियोगिता में खुशी और दीपाली रहीं प्रथम

अमृत विचार, लखनऊ : मिशन शक्ति फेस 5 में हेल्थ एंड मेंटल हेल्थ अवेयरनेस इन विमेंस विषय पर आयोजित पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता कें स्नातक वर्ग में दीपाली यादव और परास्नातक वर्ग में खुशी वर्मा प्रथम रहीं। विभागाध्यक्ष ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। मिशन शक्ति पेज 5 के तहत भूगोल विभाग में हेल्थ एंड मेंटल हेल्थ अवेयरनेस इन वूमेन विषय पर पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें स्नातक स्तर के 22 व परास्नातक स्तर के 27 प्रतियोगी शामिल हुए। निर्णायक डॉ. रविकांत पांडे, फाइन आर्ट, डॉ. मानिनी श्रीवास्तव नोडल कोऑर्डिनेटर मिशन शक्ति ने रहे। प्रतियोगिता में परास्नातक संवर्ग में खुशी वर्मा (मनोविज्ञान) ने प्रथम, रजत कुमार (भूगोल) ने द्वितीय, महिमा सिंह (भूगोल) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्नातक संवर्ग में दीपाली यादव प्रथम, अनामिका शुक्ला द्वितीय तथा प्रतीक्षा त्रिवेदी तृतीय रहीं। भूगोल विभाग के अध्यक्ष प्रो . दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। उन्होंने कहाकि प्रतियोगिता को मात्र स्थान प्राप्त करने या प्रतिभाग करने तक सीमित नहीं रखना चाहिए बल्कि इसे अपने कौशल को निखारने व व्यक्तित्व विकास के अवसर के रूप में देखना चाहिए। डॉ. अनूप कुमार सिंह कोऑर्डिनेटर मिशन शक्ति, डॉ. देविना सहाय कोऑर्डिनेटर मिशन शक्ति, गृह विज्ञान विभाग सहित भारी संख्या में शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

युवाओं को महिला सुरक्षा व बचाव के बताए तरीके

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग में महिला सुरक्षा और बचाव के प्रति युवाओं को संवेदनशील बनाने के लिए संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष प्रो . राकेश द्विवेदी ने कहा कि समाज के लिए महिला सशक्तिकरण इतना आवश्यक क्यों है और समाज में महिलाओं की स्थिति को मजबूत करने के लिए क्या कदम उठाए जा सकते हैं। सत्र की शुरुआत रुचिता चौधरी के संबोधन से हुई।

जल, जंगल और जमीन पर दिखी युवाओं की चिंता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: राष्ट्रीय पर्यावरण युवा संसद में 16 विश्वविद्यालयों के 200 प्रतिभागियों ने जल, जंगल और जमीन को लेकर चिंता प्रगट किया। यह कार्यक्रम लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय व समाज कार्य विभाग में आयोजित किया गया था। क्षेत्रीय स्तर पर आयोजित स्पीच कंपटीशन में प्रतिभागियों ने प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन विषय पर अपने-अपने विचार रखें। जोनल लेवल कंपटीशन का आयोजन डॉ. हेमेंद्र कुमार सिंह, रमाकांत और संकायाध्यक्ष प्रो. दिनेश कुमार के मार्गदर्शन में किया गया है।

छात्रों ने जन, जल, जंगल, जानवर और ज़मीन से लेकर सतत विकास, हाल की आपदाओं (वायनाड, केरल सहित), अपशिष्ट प्रबंधन और पर्यावरण के अनुकूल प्रथाओं के मुद्दों पर विचार प्रस्तुत किए। निर्णायक मंडल में प्रो. रीना अग्रवाल, डॉ. आरती सक्सेना, डॉ. पूजा खुराना, डॉ. प्रीति छाबरा, डॉ. जयंत मैनी, प्रो. रोली मिश्रा, डॉ. नीतू सिंह, डॉ. फैजल एहसान हाशमी, डॉ. सुमित सिंह, डॉ. मंजुला उपाध्याय, डॉ. नेहा अग्रवाल रहीं। डॉ. हेमेंद्र कुमार सिंह ने आभार जताया।

»लविवि में राष्ट्रीय पर्यावरण युवा संसद का आयोजन किया गया

पर्यावरण संसद में प्रतिभाग करते विद्यार्थी।

इन विवि ने किया प्रतिभाग

प्रतियोगिता में लखनऊ विश्वविद्यालय, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ, दयालबाग एजुकेशनल इंस्टीट्यूट आगरा, रज्जू भैया राजेंद्र सिंह विश्वविद्यालय इलाहाबाद, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी, अमिटी यूनिवर्सिटी लखनऊ, ज्योतिबा फूले रोहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली, हीगिम्बटॉम यूनिवर्सिटी आफ एग्रीकल्चर, टेक्नोलॉजी एंड साइंस प्रयागराज, काशी हिंदू विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध कॉलेज वाराणसी, स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ के प्रतिभागी शामिल हुए।

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

युवाओं को बताए महिला सुरक्षा के तरीके

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग में विश्व युवक केंद्र नई दिल्ली ने उद्यमिता एवं तकनीकी शिक्षा केंद्र के सहयोग से युवाओं को महिला सुरक्षा और बचाव के प्रति संवेदनशील बनाना विषय पर संगोष्ठी सह कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रुचिता चौधरी, सेवानिवृत्त आईपीएस, बुलबुल गोदियाल, वरिष्ठ अधिवक्ता और पूर्व अतिरिक्त महाधिवक्ता उपस्थिति रही। इस आयोजन में प्रो.राकेश द्विवेदी, विभागाध्यक्ष, समाज कार्य विभाग, लविवि और डॉ.मानिनी श्रीवास्तव, सहायक प्रोफेसर, मनोविज्ञान विभाग और समन्वयक महिला अध्ययन संस्थान,लविवि भी शामिल हुए। कार्यक्रम समन्वयक डॉ.गरिमा सिंह, सहायक प्रोफेसर, समाज कार्य विभाग थीं। दयानंद टंडन, सीईओ, क्रिएट और अजीत कुमार, वरिष्ठ अधिकारी स्थिरता और विकास, विश्व युवक केंद्र नई दिल्ली ने कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।प्रो.राकेश द्विवेदी,विभागाध्यक्ष, समाज कार्य विभाग ने सभी अतिथियों, संकाय सदस्यों और श्रोताओं का स्वागत करते हुए स्वागत भाषण दिया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि समाज के लिए महिला सशक्तिकरण इतना आवश्यक क्यों है और समाज में महिलाओं की स्थिति को मजबूत करने के लिए क्या कदम उठाए जा सकते हैं। संगोष्ठी सह कार्यशाला को तीन सत्रों में विभाजित किया गया था, पहले सत्र की शुरुआत रुचिता चौधरी सेवानिवृत्त आईपीएस के संबोधन से हुई, जिसका विषय था महिलाओं के लिए सुरक्षित समाज बनाने में युवाओं की भूमिका। उन्होंने देश की सेवा के दौरान अपने अनुभवों को साझा किया। उन्होंने महिलाओं को मजबूत बनाने में उनके रास्ते में आने वाली सभी बाधाओं को साझा किया। उन्होंने युवा साथियों को महान व्यक्तित्वों द्वारा बनाई गई विरासत को जीने के लिए प्रोत्साहित किया।

कुलपति ने कर्मचारी आवास का किया लोकार्पण

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय ने लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में नये बने भवनों का लोकार्पण किया। जिसमें 16 फ्लैट का अलकनंदा अपार्टमेंट, कर्मचारी आवास और 12 फ्लैट का कावेरी अपार्टमेंट, कर्मचारी आवास का लोकार्पण किया। इन आवासों से 28 कर्मचारी परिवार के रहने की व्यवस्था हो जाएगी। इसके अलावा अभियांत्रिकी संकाय भवन में दो लिफ्ट और इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज में नवीनीकृत चार क्लास रूम में फर्नीचर की अवस्थापना जिससे 316 छात्र एक साथ पठन-पाठन कर सकते हैं। इस अवसर पर प्रति कुलपति प्रो.मनुका खन्ना, निदेशक द्वितीय परिसर प्रो.आरके सिंह, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो.वीके शर्मा, डीन विधि संकाय प्रो.बीडी सिंह, डीन अभियांत्रिकी प्रो.एके सिंह, ओएसडीआईएमएस प्रो.विनीता कॉचर और कई शिक्षक,कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

लविवि कुलपति ने कर्मचारी आवास का किया लोकार्पण

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में कई भवनों का लोकार्पण किया। उन्होंने अलकनंदा अपार्टमेंट, कर्मचारी आवास, 16 फ्लैट, कावेरी अपार्टमेंट, कर्मचारी आवास, 12 फ्लैट। इन आवासों से 28 कर्मचारी परिवार को रहने की व्यवस्था हो जाएगी। अभियांत्रिकी संकाय भवन में दो लिफ्ट और इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज में नवीनीकृत 4 क्लास रूम में फर्नीचर की अवस्थापना जिससे 316 छात्र एक साथ पठन-पाठन कर सकते हैं। इस अवसर पर प्रति कुलपति प्रो मनुका खन्ना, निदेशक द्वितीय परिसर प्रो आर के सिंह, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो वीके शर्मा, डीन विधि संकाय प्रो बीडी सिंह, डीन अभियांत्रिकी प्रो एके सिंह, ओएसडी आईएमएस प्रो विनीता कॉचर और कई शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र - छात्राएं उपस्थित थे।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

प्रतियोगिता कौशल निखारने का अवसर है: प्रो. दुर्गेश

लखनऊ। प्रतियोगिता को मात्र स्थान प्राप्त करने या प्रतिभाग करने तक सीमित नहीं रखना चाहिए बल्कि इसे अपने कौशल को निखारने एवं व्यक्तित्व विकास के अवसर के रूप में देखना चाहिए। यह बात भूगोल विभाग के अध्यक्ष प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने विभाग में आयोजित मिशन शक्ति फेस 5 में हेल्थ एंड मेंटल हेल्थ अवेयरनेस इन विमेंस विषय पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता के प्रमाण पत्र वितरण के अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए कही।

विभाग में मिशन शक्ति पेज 5 के तहत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें स्नातक स्तर के 22 एवं परास्नातक स्तर के 27 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें परास्नातक संवर्ग में खुशी वर्मा (मनोविज्ञान) ने प्रथम, रजत कुमार (भूगोल) ने द्वितीय, महिमा सिंह (भूगोल) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा स्नातक संवर्ग में दीपाली यादव ने प्रथम, अनामिका शुक्ला ने द्वितीय तथा प्रतीक्षा त्रिवेदी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।